कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 19/11/2024

// प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज की पांच खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन यूनिवर्सिटी खेलों में

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की पांच खिलाड़ी का चयन ईस्ट जोन यूनिवर्सिटी खेलों में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी।

महाविद्यालय के पीजी डिप्लोमा इन योग साईन्स में अध्ययनरत शैल यादव का चयन टेबल-टेनिस में हुआ है यह प्रतियोगिता ग्लोबल विश्वविद्यालय गुवाहाटी (असम) में 20 नवम्बर से आयोजित है। बी.एससी. प्रथम वर्ष में अध्ययनरत पायल साहू का चयन कराते प्रतियोगिता हेतु हुआ है यह टीम चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय मोहाली में दिनांक एक दिसम्बर से पांच दिसम्बर 2024 तक नार्थ ईस्टजोन में हिस्सा लेगी। पायल ऑल इंडिया ओपन कराटे चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल भी ले चुकी है। यह प्रतियोगिता कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई में आयोजित की गई थी।

डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय की तीन तैराकों का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम से हुआ है ये छात्राये है कु. डिलेश्वरी ओझा, एम.हिन्दी कु. धनु ओझा बी.एससी. गृहविज्ञान, कु. भूमिका ओझा-बी.एससी. गृहविज्ञान, तैराकी प्रतियोगिता कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर में 28/11/2024 से आयोजित है। धनु ओझा पिछले वर्ष अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता एवं खेलो इंडिया में हिस्सा ले चुकी है।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल, क्रीड़ा समिति के संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम ने महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी।

कु. शैल यादव	कु. डिलेश्वरी ओझा	कु. भूमिका ओझा	कु. धनु ओझा	कु. पायल साहू

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)